हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025



### बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने प्रदर्शन में लिया हिस्सा

# कर्मचारी-अधिकारी संघ ने की हड़ताल दो प्रतिशत डीए वृद्धि को बताया छल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रदेश के सरकारी कर्मचारी और अधिकारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। मंगलवार को गरियाबंद में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की जिला इकाई ने रावणभाठा मैदान में एक दिन की हड़ताल की। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसकी वजह से आधे कर्मचारी पंडाल के बाहर खड़े रहे। फेडरेशन ने हाल ही में सरकार द्वारा घोषित 2% महंगाई भत्ते की वृद्धि को अधूरा और छल बताया है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ने न तो इसके लिए कोई आदेश जारी किया है और न ही एरियर्स पर कोई निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार पर मोदी की गारंटी के वादे से मुकरने का आरोप लगाया।

**मुख्य मांगें**

- केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया जाए।
- लंबित एरियर्स को जीपीएफ में समायोजित किया जाए।
- चार-स्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान किया जाए।





### आधी-अधूरी घोषणाओं से कर्मचारी आक्रोशित : वर्मा

फेडरेशन के संरक्षक प्रदीप वर्मा ने कहा कि सरकार की आधी-अधूरी घोषणाओं से कर्मचारी आक्रोशित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है, तो तीसरे चरण में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। इससे पहले, 16 जुलाई को फेडरेशन ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा था। शासन से सकारात्मक प्रतिक्रिया न मिलने पर, 22 अगस्त को सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी छुट्टी लेकर इस धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। इस आंदोलन को पटवारी संघ, पंचायत सचिव संघ और एनएचएम कर्मचारी संघ का भी समर्थन मिला, जो पहले से ही अपनी-अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने रावणभाठा से कलेक्टर कार्यालय तक एक रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में प्रदीप वर्मा, बसंत त्रिवेदी, सुदामा ठाकुर, मनोज खरे सहित विभिन्न कर्मचारी संघों के कई पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।






## खबर संक्षेप



### आंबा केंद्रों में टॉय मेकिंग वर्कशॉप मनाया गया

**गरियाबंद।** रजत जंयती वर्ष 2025 के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित 1520 आंगनबाड़ी केन्द्रों में टॉय मेकिंग वर्कशॉप दिवस मनाया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर अनुपयोगी वस्तुओं (वेस्ट मटेरियल) का उपयोग करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पालकों एवं देखभालकर्ताओं, दादा-दादी स्थानीय शिल्पियों द्वारा साथ में मिलकर खिलौने/शिक्षण सामग्री, रंगीन काजग का खिलौना, बांस/लकड़ी से खिलौना, वेस्ट साड़ी से पैरदान, माचिस के डिब्बे से रेलगाड़ी, बिस्लरी बॉटल से झुमर, चिड़िया, गुलदस्ता, कॉच के बॉटल में पानी के साथ कलरभर खिलौना आदि बनाया गया। जिसका उपयोग आंगनबाड़ी केन्द्र में गतिविधि आयोजन के लिए किया जा सके। प्रति बच्चा वेस्ट मटेरियल से 01 खिलौना बनाया गया। 03 से 06 वर्ष के बच्चों के पालकों को घर से टॉय बनाकर लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ गांव में खिलौने दान करने का अभियान चलाया गया। इससे आंगनबाड़ी केन्द्रों में खिलौने की मात्रा बढ़ जायेगी। जिससे आंगनबाड़ी से लाभान्वित बच्चों को खिलौनों की पूर्ति हो जाएगी। इस कार्यक्रम में सबसे अच्छे टॉय बनाकर लाने वाले बच्चों/पालकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार दिया गया।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक 25 को

**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के विश्रामगृह में दिनांक 25 अगस्त 2025 को ब्लॉक अध्यक्ष चयन के लिए मीटिंग प्रदेश कांग्रेस छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार नंदलाल देवांगन जी प्रदेश कांग्रेस, प्रभारी के समक्ष किया जाना है जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ जन, विधायक, पूर्व विधायक समस्त ब्लॉक के पदाधिकारी का गण, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस कमेटी के, सदस्य गण एवं वर्तमान मंडल सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारी एवं सदस्य का सादर आमंत्रित, दिन सोमवार, समय दोपहर 1:00 बजे स्थान विश्राम गृह छुरा, दिनांक 25 अगस्त 2025, अध्यक्ष बाल मुकुंद मिश्रा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

### मुड़ागांव में तीजा के लुगरा कार्यक्रम आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मुड़ागांव में 23 अगस्त दिन शनिवार को तीजा पोला के पावन पर्व पर तीजा के लुगरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चे, नवयुवक एवं महिलायें के द्वारा खोलकुद कार्यक्रम सुबह 11 बजे से स्कूल प्रांगण में रखा गया है। जिसके मुख्यअतिथि गोदावरी शारदा दीवान सरपंच ग्राम पंचायत मुड़ागांव, अध्यक्षता पीलूराम यादव ग्राम पटेल, विशेष अतिथि नरोत्तम विश्वकर्मा ग्राम अध्यक्ष, बुधराम दीवान उप सरपंच, विजय कुमार ध्रुव, तेजन दास, कृपाराम दीवान होंगे यह आयोजन समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से संपन्न होगा।

### हीरालाल महाविद्यालय में वाणिज्य क्लब गठित

**अभनपुर।** शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में वाणिज्य क्लब की स्थापना व विभागीय परिचय एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों में महाविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करना एवं नव प्रवेशित वाणिज्य के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय से संबंधित मूलभूत जानकारी प्रदान करना था इस मौके पर पिछले अकादमी वर्ष में जो छात्र-छात्राएं विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित हुए थे उन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से पुरस्कृत भी किया गया।

---

कार्यक्रम : राजिम के स्कूल में वैज्ञानिक दृष्टिकोण दिवस पर जागरूकता रैली

# विज्ञान ही समाज को अंधविश्वास से मुक्ति दिला सकता है : प्राचार्य एक्का





हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

शासकीय पंडित रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 'राष्ट्रीय वैज्ञानिक दृष्टिकोण दिवस' के अवसर पर अंधविश्वास के खिलाफ एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह कार्यक्रम व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन और एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान विज्ञान के महत्व और अंधविश्वास के उन्मूलन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विज्ञान क्लब के छात्रों ने लाइव वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन कर सभी को हैरान कर दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में भी छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया, जिसमें उन्होंने अंधविश्वास के दुष्परिणामों और विज्ञान के वास्तविक तथ्यों को उजागर किया। वरिष्ठ व्याख्याता बीएल ध्रुव और प्राचार्य संजय एक्का ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रश्न पूछने और तार्किक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान ही समाज को अंधविश्वास और अवैज्ञानिक मान्यताओं से मुक्ति दिला सकता है। व्याख्याता संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर और गोपाल देवांगन ने भी छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर, रोजमर्रा की जिंदगी में विज्ञान को व्यवहार में लाने की सलाह दी।

#### एनसीसी कैडेट्स की जागरूकता रैली



एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स और छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली, जो सुंदर लाल शर्मा चौक से शुरू होकर गायत्री चौक होते हुए वापस विद्यालय परिसर तक पहुंची। रैली में छात्र-छात्राओं ने अंधविश्वास दूर मिटाओ, वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाओ/" और जय विज्ञान, जय अनुसंधान जैसे नारे लगाकर लोगों में वैज्ञानिक सोच का संदेश फैलाया। कार्यक्रम के दौरान, छात्रा सोनाली सोनी ने अंधविश्वास पर एक कहानी सुनाई और उसके पीछे छिपे वैज्ञानिक तथ्यों की व्याख्या की। छात्राओं रूमीना शाह, मोनिका देवांगन, खुशी साहू और टोमिन सोनकर ने भी विज्ञान और जागरूकता से जुड़े गीत व भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में, सभी छात्र सैनिकों और शिक्षकों ने समाज में फैली रूढ़ियों को समाप्त करने और वैज्ञानिक सोच को जन-जन तक पहुंचाने की शपथ ली। इस पहल में सीएसएम अर्पित सिन्हा, कैडेट आर्यन साहू, देविका देवांगन और राधिका साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए।

---

# पाण्डुका में पोला त्योहार की धूम, होगी बैलों की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाण्डुका

छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहारों में से एक पोला इस बार शनिवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। भाद्रपद माह की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह किसानों के परम मित्र बैल के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का दिन है। इस दिन किसान अपने बैलों को नहलाकर, सजाकर और उनके सींगों पर तेल लगाकर उनकी पूजा करते हैं। उन्हें फूलों की मालाओं और रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाया जाता है। पूजा के बाद बैलों को चावल के आटे से बने चीले और पकवानों का भोग लगाया जाता है। कई जगहों पर बैल दौड़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होता है। पंडित राकेश शर्मा ने पोला के नामकरण के पीछे की कहानी बताते हुए कहा कि यह भगवान कृष्ण से जुड़ा है। जब कंस ने बालक कृष्ण को मारने के लिए पोलासुर नामक असुर को भेजा, तो कृष्ण ने भाद्रपद की अमावस्या के दिन उसे मारकर मोक्ष प्रदान किया। उसी दिन से इस त्योहार को 'पोला' कहा जाने लगा।

#### बाजारों में रौनक

पाण्डुका क्षेत्र में पोला को लेकर बाजार में रौनक रही। मिट्टी के नंदी बैल 50 से 200 रुपये तक और मिट्टी के बर्तन 60 से 100 रुपये तक खूब बिक रहे हैं। इस दिन बच्चे मिट्टी के खिलौनों और बैलों की पूजा करते हैं और उनसे खेलते हैं। पोला का यह त्योहार तीज से भी जुड़ा है। जब सुहागिन महिलाएं 'तीज' पर मायके जाती हैं, तो वे 'करू भात' ग्रहण करते समय इसी नंदी बैल को भोग लगाकर और शंकर-पार्वती की पूजा करके अपना उपवास तोड़ती हैं।

---

# स्कूल की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों ने बनाया बाउंड्री वॉल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला



शासकीय माध्यमिक शाला, दादरगांव नया में बाउंड्री वॉल के लिए पिछले 15 सालों से सांसद, विधायक और कलेक्टर से मांग करते-करते थक चुके ग्रामीणों ने आखिरकार खुद ही इसकी सुरक्षा का जिम्मा उठा लिया है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, गांव वालों ने मिलकर बांस के खंभे गाड़कर और तार लगाकर स्कूल परिसर की अस्थायी घेराबंदी की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाउंड्री वॉल न होने से छात्रों और शिक्षकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे स्कूल होने के कारण तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटना का डर बना रहता है, जिससे अभिभावक हमेशा चिंतित रहते हैं। गांव के विशंभर नेताम, बृजलाल नेताम, गिरवर नेताम और अन्य लोगों ने बताया कि स्कूल में प्रार्थना के बाद बच्चों को बाहर न जाने की सलाह देनी पड़ती है।

**असुरक्षित माहौल से पढ़ाई प्रभावित-** ग्रामीणों ने बताया कि बाउंड्री वॉल न होने से स्कूल परिसर में आवारा पशु और असामाजिक तत्व आसानी से घुस जाते हैं। यह न सिर्फ पढ़ाई के माहौल को खराब करता है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे तत्व परिसर में गंदगी फैलाते हैं और शराब भी पीते हैं, जिससे बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से असुरक्षित महसूस करते हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, गांव वालों ने अपनी ओर से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह पहल की है। उन्होंने एक बार फिर शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द स्कूल में स्थायी बाउंड्री वॉल बनाने की मांग की है ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सके।

---

# आदिवासी समाज 28 को मनाएगा नवाखाई पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला



क्षेत्र में 28 अगस्त पंचमी तिथि दिन गुरुवार को रसेला सहित पूरे क्षेत्र में आदिवासी समाज के लोगों नवाखाई पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे,जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है। यहां पर कृषि से जुडा पारंपरिक पर्व है जिसमें आदिवासी समाज के लोगों धरती माता और अपने इष्टदेव व ग्राम देवताओं का आभार व्यक्त करते हैं, नई फसल का स्वागत करते है और अपने इष्टदेव को प्रसाद के रूप में नए चांवल का भोग लगाते हैं। इस पर्व में सबसे पहले घर की देवी देवताओं को नया चांवल अर्पित किया जाता है और फिर पुरे परिवार के साथ मिलकर भोजन करते हैं। यहां पर्व नई फसल के आने पर प्रकृति, धरती माता,कुल के देवी-देवता और ग्राम देवताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस पर्व में एकता, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की जाती है। यहां पर्व एक प्रमुख और पारंपरिक लोक त्योहार है। चिगरमाल सर्कल आदिवासी समाज के प्रमुख दयाराम नागेश,अशवत सोरी, तिहार सिंह टेकाम,संतराम नेताम,बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, अशोक ठाकुर ने बताया कि ' नुआ ' शब्द का अर्थ है नया और खाई ' का अर्थ है भोजन इस त्योहार का नाम अन्न भंडार में नए चांवल के होने का प्रतीक है,जो एक ऐसा अवसर है जो उल्लास का कारण बनता है। नुआखाई एक खूबसूरत त्योहार है धार्मिक प्रथाओं, सांस्कृतिक उत्सवों, सामुदायिक मेलजोल के अनुभवों का एक संगम। इस उत्सव का हिस्सा बनना निश्चित रूप से एक समृद्ध और सार्थक अनुभव होगा, एक ऐसा अनुभव जो एक यात्री को भारत की समृद्ध संस्कृति और विविधता से जोड़ेगा। इस त्योहार में जुहार भेट है, जिसमें बड़ों को सम्मान दिया जाता है और उपहारों का आदान-प्रदान किया जाता है,इसके दूसरे दिन बासी त्योहार के रूप में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस दिन अपने मित्रों, शुभचिंतकों और रिश्तेदारों को अपने घर बुलाकर भोजन करते हैं,जो यह एकता का प्रतीक है। ग्राम रसेला में नुआखाई के पावन पर्व पर 29 अगस्त दिन शुक्रवार को छतीसगढ़ी लोक कला लड़की नाचा गम्मत रंग सागर ग्राम चरौदा,खम्हरिया जिला गरियाबंद की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। यहां कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त आदिवासी समाज अभी से तैयारियां में जुट गए हैं।

---

# कोपरा की छात्रा झरना ने 12वीं की पूरक परीक्षा में मारी बाजी



**कोपरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 19 अगस्त को घोषित 10वीं और 12वीं की द्वितीय मुख्य परीक्षा के परिणामों में, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोपरा की छात्रा झरना साहू ने शानदार सफलता हासिल की है। झरना साहू (पिता तुलसी साहू) ने 12वीं की परीक्षा में 96.66% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी पिछली परीक्षा के परिणाम को बेहतर बनाने के लिए यह द्वितीय मुख्य परीक्षा दी थी और अपनी कड़ी मेहनत से यह साबित कर दिया कि निरंतर प्रयास और लगन से सफलता जरूर मिलती है। झरना साहू की इस उपलब्धि पर श्री कोपेश्वरनाथ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कमलेश साहू, व्यवस्थापक रूपनारायण साहू, और विद्यालय के प्राचार्य गौरीशंकर साहू सहित समस्त विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और नगरवासियों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

# पोला त्योहार पर बाजार रहा गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



अंचल में 22 अगस्त को पारंपरिक पोला त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में पोला का विशेष महत्व है, खासकर किसानों और महिलाओं के लिए। इस पर्व को लेकर छुरा के बजरंग चौक में खूब चहल-पहल रही। बाजार में मिट्टी से बने पोला चक्की और नंदी बैल की दुकानें सजी हुई थीं, जहां ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। दुकानदारों, जागेश्वरी पाड़े और रानी पाड़े, ने बताया कि इस बार पोला, नंदी बैल और आटे की चक्की की अच्छी बिक्री हुई है, जो 100 से 170 रुपये तक की कीमत में उपलब्ध हैं। भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व किसानों के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। खरीफ फसल की निंदाई और कोड़ाई का काम पूरा होने के बाद, किसान अपने बैलों की पूजा करके उनके प्रति अपना प्रेम और आभार व्यक्त करते हैं। वहीं, महिलाएं इस दिन अपने मायके जाकर 'पोला पटकने' की रस्म को पूरा करती हैं और अपनी सहेलियों के साथ पारंपरिक खेल जैसे कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी और दौड़ में भाग लेती हैं।

पोला के दिन हर घर में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की खुशबू महकती है, जिनमें चौसेला, गुलगुला, भजिया, मुठिया, गुझिया, ठेठरी, खुरमी, सोंहारी, अरशा और सलोनी जैसे पकवान बनाए जाते हैं। यह पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में एकता और सौहार्द का माहौल बनाता है, और लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर इसे खुशी-खुशी मनाते हैं।

---

# निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने जिले के बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से जिले में आए नौ सदस्यीय अधिकारियों की टीम ने जिले के बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ को मतदान एवं मतदाता सूची के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। अधिकारियों की टीम ने जिले के बीएलओ को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए मतदाता सूची निर्माण एवं मतदान की बारिकियों को समझाया। अधिकारियों ने सभी बीएलओ को त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण में ध्यान रखनी वाली बातों एवं प्रक्रियाओं की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया को निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराने विभिन्न प्रकार की प्रकियाओं का पालन किया जाता है। साथ ही विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देशों के माध्यम से निर्वाचन के दौरान सभी प्रक्रियाओं का सुचारू संचालन किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सभी बीएलओ अपनी सभी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करे। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार कार्यो को संपादित करे। मतदाता सूची निर्माण के संबंध में आवश्यक प्रपत्रों फार्म संख्या 6, 7 एवं 8 के बारे में विस्तृत जानकारी रखकर त्रुटिरहित नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधित करने का कार्य करें। बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग के अधीन कार्य करते है। बीएलओ द्वारा अपने दायित्वों का अनुशासित एवं निष्ठापूर्वक कार्य नहीं करने पर आयोग द्वारा दण्ड का भी प्रावधान किया गया है। इसलिए अपने कर्तव्यों से जागरूक रहकर गंभीरतार्वूक दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में अधिकारियों ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विभिन्न मोबाईल एप्लीकेशन, बीएलओ एप्प, वोटर हेल्पलाईन, ईआरओ नेट, सुगम एप्प एवं सी-विजिल एप्प के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मतदाताओं के घर-घर सर्वे के दौरान मतदाताओं को दी जाने वाली जानकारी एवं उनसे प्राप्त की जाने वाली वांछित जानकारी की प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया। इसके अलावा बीएलओ को मतदान केन्द्रों का सही तरीके से नजरी नक्शा बनाने के बारे भी बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के अवर सचिव श्री प्रकाश चन्द्र गुप्ता, अनुविभाग अधिकारी श्री दिनेश शर्मा, सहायक अनुविभाग अधिकारी श्री लव चौहान सहित श्री सौरभ कुमार, श्री जितेन्द्र कुमार, श्री सुमीत, रामूर्ति, ज्योति सहित जिला प्रशासन से उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर श्री रामसिंग सोरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी जिले के मास्टर ट्रेनर बीएलओ मौजूद रहे।

- बीएलओ के दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में दी विस्तृत जानकारी

---

महेश ने किया कला मंच के प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ

# राजिम में कला मंच का शानदार आगाज, झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

राजिम में युवाओं और शिक्षकों के एक समूह द्वारा गठित 'कला मंच-राजिम' ने अपने पहले कार्यक्रम का शानदार शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव और सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कला मंच के प्रमुख दिनेश्वर साहू ने बताया कि इस मंच का उद्देश्य गीत-संगीत के क्षेत्र में रुचि रखने वाले और उभरते युवा कलाकारों को एक मंच देना है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने मंच की सराहना करते हुए कहा कि नगर में ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। उन्होंने भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को अपना पूरा सहयोग देने की घोषणा की। इसके बाद उन्होंने अपने पसंदीदा गायक मुकेश का गीत एक प्यार का नगमा है गाकर कार्यक्रम का आगाज किया और अपनी गायकी से सबका मन मोह लिया। नवनीत चतुर्वेदी ने बांसुरी पर छूकर मेरे मन को की धुन बजाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद किशोर निर्मलकर ने ओ मेरे दिल के चैन और दिनेश्वर साहू ने जीना यहाँ मरना यहां जैसे गीत प्रस्तुत किए। जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने प्यार मांगा है तुम्ही से गाकर कार्यक्रम में मधुरता घोल दी। कलाकारों ने स्वर्गीय मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार, लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसे महान पार्श्व गायकों के चुनिंदा गीतों को गाकर श्रोताओं को पुरानी यादों में डुबो दिया।



**कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां-** कार्यक्रम में कई कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। धनंजय हरित ने जो तुमको हो पसंद, अंतेश्वरी निराला ने आजा सनम मधुर चाँदनी में हम, और दुर्गा साहू ने देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगों गाकर खूब तालियां बटोरीं। इसके अलावा, कुंदन सोनी, आशीष शिंदे, अरविंद यदु, संजय महाडीक, इमरान अली, धर्मेंद्र शर्मा, हेमंत महाड़ीक, जित्तू खूंटे, प्रमेन्द्र नशीने, लीलेश्वर साहू और हरीश डडसेना जैसे कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। आयोजकों ने अतिथियों महेश यादव और सतीश यादव को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश्वर साहू ने किया और आभार व्यक्त आशीष शिंदे ने किया। यह कार्यक्रम लंबे समय बाद हुआ, जो नगर में चर्चा का विषय बना रहा। आयोजकों ने जल्द ही ऐसे और आयोजन करने की बात कही है।

## खबर संक्षेप



### सरपंच संघ ने मंत्री राम विचार नेताम को दिया देवभोग आने का निमंत्रण

**छुरा।** सरपंच संघ देवभोग विकासखंड के अध्यक्ष पवन यादव और चंदन सोनी ने छत्तीसगढ़ के आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम से सौजन्य भेंट की। उन्होंने मंत्री जी को देवभोग में आयोजित होने वाले एक सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मंत्री नेताम ने यह निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। वे 2 सितंबर, मंगलवार को दोपहर 12 बजे देवभोग पहुंचेंगे, जहां वे आदिवासी, एससी, ओबीसी और पंच-सरपंच सम्मेलन में भाग लेंगे।

### अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष के बेटों ने नीट परीक्षा में मारी बाजी





**राजिम।** राजिम अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष हेमराज साहू के दोनों पुत्र खिलेन्द्र साहू एवं धीरज साहू नीट परीक्षा पास कर छत्तीसगढ़ स्टेट रैंक 100 जवाहरलाल नेहरू शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर मिला है। वहीं धीरज साहू को स्टेट रैंक में 478 शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद इन दोनों छात्र को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दशरथ निषाद, रवि दीवान, हिमांशु दुबे राजेश ठाकुर, टीकम साहू, महेंद्र सोनी, वाय के शर्मा, घनाराम साहू, अरविंद शर्मा, अनुशासन साहू, बालमुकुंद साहू, मुरारी साहू, एवन साहू, नेमीचंद साहू, लोकेश साहू, यानेन्द्र सिन्हा, रामनारायण साहू, घनश्याम सिन्हा, खिलेश साहू, हसन साहू, दिलीप साहू, सुरेश खुंटे, हेमन्त पाटले ने बधाई दी है।

### आंबा केंद्रों में रजत जंयती पर बाल मेला आयोजन



**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा आज रजत जंयती वर्ष 2025 के अवसर पर जिले में संचालित 1520 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें - एकल नृत्य, समूह नृत्य, कविता पाठ, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, रंगोली, भाषण, गायन, चित्रकारी, कुर्सी दौड़, जबेली दौड़, कबड्डी, खो-खो आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में पालकों, गणमान्य नागरिकों, गर्भवती, शिशुवती एवं किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया एवं अन्य बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग के लिए सांत्वना पुरस्कार दिया गया तथा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चे को सेक्टर स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। सेक्टर स्तर के प्रदर्शन को देखते हुए जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा।

## निधन

### रूपेन्द्र सोम



**मैनपुर।** आदिवासी कांग्रेस के मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत कोयबा के उपसरपंच रूपेन्द्र सोम का 22 अगस्त को निधन हो गया। कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धाजंली अर्पित की।

---

**मांग : नगर सेवा संघर्ष समिति के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

# फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय के लिए नगर बंद जारी, जमीन आवंटन को लेकर प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए जमीन आवंटन की मांग को लेकर नगर सेवा संघर्ष समिति द्वारा किया गया दो दिवसीय 'नगर बंद' सफल रहा। इस विरोध प्रदर्शन के तहत, समिति के सदस्यों ने रानी श्यामकुमारी देवी चौक पर धरना दिया और मांग पूरी न होने पर पुतला दहन भी किया। समिति ने कृषि महाविद्यालय के लिए जमीन आवंटन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान युवाओं ने सड़क पर रैली निकालकर नारे लगाए और तहसील कार्यालय पहुंचे। संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित, अशोक राजपूत, रामूराम साहू और अन्य नेताओं ने एसडीएम विशाल राणा से इस मुद्दे पर चर्चा की।

**जमीन को अनुपयोगी बताने पर विवाद-** चर्चा के दौरान एसडीएम विशाल राणा ने बताया कि जमीन के दस्तावेज जिला प्रशासन द्वारा भेज दिए गए हैं और राजस्व विभाग ने मांग के अनुरूप जमीन उपलब्ध कराई है। हालांकि, बातचीत में यह बात सामने आई कि कृषि महाविद्यालय के डीन ने फिंगेश्वर की जमीन को अनुपयोगी बताया है, जबकि जमीन का रिकॉर्ड किरवई गांव से भी भेजा गया है। संघर्ष समिति के सदस्यों ने जब कॉलेज डीन से इस बारे में पूछा, तो उन्होंने कथित तौर पर यह स्वीकार किया कि उन्हें /"दबाव में आकर/" ऐसा करना पड़ा। इस एक गलत जानकारी ने फिंगेश्वर में महाविद्यालय के निर्माण को रोक दिया है, जिससे नागरिकों में गहरा आक्रोश है।

**लंबे संघर्ष का फैसला-** नगर के नागरिकों ने अब फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय स्थापित कराने के लिए लंबा संघर्ष करने का फैसला किया है। उनका कहना है कि उनकी जमीन उपयोगी है और पर्याप्त है, और जो लोग झूठी कहानी गढ़ रहे हैं, वे बेनकाब होंगे। फिंगेश्वर के नागरिकों ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि विधायक रोहित साहू और कृषि मंत्री ने भी फिंगेश्वर में कॉलेज खोलने की बात की थी, लेकिन जिला प्रशासन उनकी बातों को नजरअंदाज कर रहा है। धरना प्रदर्शन में संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित, राजेंद्र सूर्यवंशी, रामूराम साहू सहित बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खाद की आपूर्ति के बाद किसानों का चक्काजाम आंदोलन स्थगित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खाद की कमी को लेकर किसान संघर्ष समिति ने चार दिन पहले मैनपुर क्षेत्र में जोरदार रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया था। समिति ने चेतावनी दी थी कि अगर तीन दिनों के भीतर खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो 23 अगस्त को चक्काजाम किया जाएगा। इस चेतावनी का असर हुआ और प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति शुरू कर दी है, जिसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह कपिल ने बताया कि पिछले एक महीने से क्षेत्र में खाद उपलब्ध नहीं थी, जिससे किसान निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हो रहे थे। इसी समस्या को देखते हुए समिति ने चक्काजाम का फैसला लिया था। कपिल ने कहा, /"प्रशासन ने हमारी मांगों को गंभीरता से लिया और लगातार मैनपुर की सहकारी सोसाइटियों में यूरिया और डीएपी खाद पहुंचाई जा रही है। इसलिए फिलहाल चक्काजाम आंदोलन को स्थगित किया जाता है। उन्होंने खाद उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन, गरियाबंद के प्रति आभार भी व्यक्त किया। वहीं, छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ, गरियाबंद के डीएमओ अमित चंद्राकर ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल मैनपुर क्षेत्र की सोसाइटियों में ज्यादा खाद भेजी गई है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसानों की मांग के अनुसार और भी खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

## कांग्रेस जनों ने राजीव गांधी की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला के अटल चौंक पर 20 अगस्त को देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर क्षेत्र के समस्त कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके कार्यो को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री डॉ चिराग अली ने स्व राजीव गांधी के योगदान को विस्तार से बताया और कहा कि राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे, जिन्होंने भारत को आधुनिक युग की ओर अग्रसर किया। उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार देकर राजनीतिक भागीदारी का अवसर दिया। इसी कड़ी में रसेला ज़ोन मंडल अध्यक्ष बिग्रेद्र ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था लागू कर ग्राम स्तर पर सशक्त शासन व्यवस्था की नीव रखी। कंप्यूटर क्रांति की शुरुआत कर भारत को डिजिटल युग की ओर अग्रसर किया। विदेश नीति में भारत की सशक्त छवि विश्वपटल पर स्थापित की। संबोधन की कड़ी में लोकराम यादव,भावसिह मरकाम, कमलेश्वर नायक,डगेश्वर सोरी आनंद जयसवाल ने कहा कि 21 मई 1991 को आतंकी हमले में उनका दुखद निधन हो गया, किन्तु उनका विचार,उनका दृष्टिकोण और उनकी नीतियां आज भी देश को प्रेरित करती है। भारत सरकार ने उनके योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर अशवत सेन, शंकर कुर्रे, पुनीत ध्रुव, रामायण ठाकुर, ईश्वर मरकाम, चम्पेश्वर निषाद,नरेश सोरी, कुबेर भुजिया, कंस राम,बिग्रेद्र सोरी सहित क्षेत्र के समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### प्रोजेक्टर के माध्यम से कैरियर गाइडेंस

**नवापारा-राजिम।** शुक्रवार को पीएम श्री शासकीय हरिहर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य फाखरा खानम दानी के नेतृत्व में इन्फो विजन टेक्नोकॉन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से क्लास 11वीं एवं 12वीं कॉमर्स के बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से कैरियर गाइडेंस के बारे में जानकारी डी ऐस जेम्स द्वारा प्रदान किया गया। इसमें बच्चों को टेली प्राइम जीएसटी बैंकिंग फाइनेंस एंड टेक्स्ट ऑन के बारे में बताया गया। इस दौरान प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच दिया। इस दौरान अशोक साहू, किशन ठाकुर मौजूद थे।

## अतरमरा संकुल में शिक्षा सामाजिक अंकेक्षण के लिए हुई बैठक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के अंतर्गत विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए सामाजिक अंकेक्षण को सफल बनाने के लिए संकुल केंद्र अतरमरा में 20 अगस्त को एकदिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने बताया कि संकुल प्राचार्य बी. देवांगन के नेतृत्व में आयोजित बैठक में अतरमरा संकुल अंतर्गत सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के मुख्य सामाजिक अंकेक्षणकर्ता शामिल हुए। बैठक में संकुल प्राचार्य बी. देवांगन एवं उत्तम कंसारी ने जिला मुख्यालय गरियाबंद में आयोजित प्रशिक्षण की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में उच्च कार्यालय से प्राप्त 20 बिंदुओं पर सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जाएगा। इसमें विद्यालय का वातावरण, रखरखाव, शाला प्रबंधन समिति का सहयोग, जनप्रतिनिधियों की भूमिका, प्रश्नावली, अंक विभाजन एवं फॉर्म भरने की प्रक्रिया आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही प्रधान पाठकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को प्राथमिकता से पूरा करने, बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, आवश्यक दस्तावेज एवं तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संकुल प्राचार्य बी. देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, खेमलाल यादव, रामचंद्र ध्रुव, उत्तम कंसारी, डोरेश मेहरा, कृष्ण कुमार साहू, रूप राम साहू, पवनूराम ध्रुव, मुन्ना पटेल, चित्रलेखा लोहेस, धनेश्वरी मूरचूलिया, मीना ध्रुव एवं दुर्गेश निर्मलकर उपस्थित रहे।

## मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति करेगी 500 बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



प्रदेश के मेधावी और जरुरतमंद बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समिति की ओर से प्रदेशभर के लगभग पांच सौ से अधिक बच्चों को दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह संस्था प्रदेश के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा गठित की गई है। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान बच्चों को मदद करना है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इस सम्मान समारोह में बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही आगे उच्च शिक्षा, इंजीनियरिंग, मेडिकल तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में रविवार 24 अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यह आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से चयनित बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे। गरियाबंद जिले से भी कई बच्चों का चयन किया गया है। इनमें नोमिकासाहू (95.17%), भावना साहू (94.5%), झरना साहू (93.83%), ऐश्वर्या साहू (93.67%) और लक्ष्यश्री साहू (93.5%) जैसे छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इन बच्चों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

## नवापारा-राजिम में पोला की रौनक, मिट्टी के खिलौने खरीदने उमड़ी भीड़



**नवापारा-राजिम।** पोला त्यौहार को लेकर नवापारा-राजिम के बाजारों में बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कुम्हार पारा, बड़े बाजार, और नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौक पर रंग-बिरंगे मिट्टी के बैल, 'चुकिया' और 'पोरा' खरीदने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। इस साल मिट्टी के बैलों की जोड़ी की कीमत 100 रुपये से लेकर 300 रुपये तक थी, जबकि 'चुकिया' और 'पोरा' 100 रुपये तक में बिक रहे थे। कुम्हार टीकम चक्रधारी ने बताया कि मिट्टी और रंगों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण इस साल दाम बढ़ गए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान से प्रेरित होकर, युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने भी पोला पर्व के मौके पर कुम्हारपारा के चक्रधारी परिवार से मिट्टी के बैल खरीदे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी कारीगरों और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से गरीब कारीगरों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

## फिंगेश्वर के दो छात्रों का गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना गणतंत्र दिवस परेड शिविर की तैयारियां शुरू हो गई हैं। फनिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर के दो स्वयंसेवकों, नेमन साहू और वर्षा साहू ने अपनी परेड प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर होने वाले पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए जगह बनाई है। इस चयन प्रक्रिया में महाविद्यालय के 60 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, वर्षा और नेमन ने सर्वाधिक अंक हासिल कर जिला स्तर के लिए अपना स्थान पक्का किया। इस उपलब्धि से उन्होंने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हर साल गणतंत्र दिवस पर, राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 200 स्वयंसेवक कर्तव्य पथ पर परेड में भाग लेते हैं। इसके लिए उन्हें लगभग दो महीने तक कड़े अभ्यास से गुजरना पड़ता है। इन स्वयंसेवकों का चयन युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार होता है। वर्षा साहू नगर की एकमात्र महिला स्वयंसेविका हैं, जिन्हें जिला स्तर के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शामिल होने का अवसर मिला है। उनकी इस उपलब्धि पर, प्रभारी प्राचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे सहित अन्य दलनायक, आयोजकों और स्वयंसेवकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

**खेतों में भी गए और फसलों की स्थिति का जायजा लिया**

# बारिश में बाइक से पहुंचे विधायक, ग्रामीणों से मिलकर जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। शुक्रवार को मूसलाधार बारिश के बीच, वह अचानक अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर कई गांवों में पहुंचे। उन्होंने खुद बाइक चलाते हुए पैरी नदी को पैदल पार किया, जिसके बाद ग्रामीण उन्हें अपने बीच पाकर बेहद उत्साहित हुए और फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। विधायक ने कई घरों में जाकर लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। वह खेतों में भी गए और फसलों की स्थिति का जायजा लिया, साथ ही किसानों से चर्चा की। बारिश में भीगते हुए भी उन्होंने अपना दौरा जारी रखा। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश और अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



### नदी पार कर पहुंचे राजपुर और जाड़ापदर

मैनपुर से देहारगुड़ा और फिर आमागुड़ा होते हुए विधायक जनक ध्रुव राजपुर के लिए रवाना हुए। पैरी नदी पर पुल न होने और बाढ़ के कारण उन्होंने पैदल ही नदी पार की। राजपुर पहुंचने पर जाड़ापदर की सरपंच उपासीन नागेश और उपसरपंच छबिलाल नागेश के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत हुआ। विधायक ने राजपुर के प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। वहां उन्होंने देखा कि एक ही शिक्षिका पांच कक्षाओं के बच्चों को पढ़ा रही थी। उन्होंने बच्चों से सवाल पूछे और सही जवाब देने पर उन्हें चॉकलेट बांटी। साथ ही, उन्होंने स्कूल परिसर में बागवानी लगवाने के निर्देश दिए। इसके बाद, उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया और बच्चों व उनके पालकों से बातचीत की।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें और विधायक का आश्वासन

ग्राम जाड़ापदर में ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीयता से स्वागत किया। उन्होंने विधायक से पैरी नदी पर पुल और सड़क निर्माण की मांग की, क्योंकि बड़ी संख्या में छात्र नदी पार करके देहारगुड़ा पढ़ने जाते हैं। इस पर, विधायक जनक ध्रुव ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर इस समस्या के समाधान के लिए पीएम जनमन योजना के तहत जाड़ापदर-राजपुर-देहारगुड़ा तक पक्की सड़क और पुल बनाने की मांग करेंगे। विधायक के अचानक दौरे की खबर से प्रशासनिक अमले में भी हड़कंप मच गया। दौरे के दौरान उन्होंने जाड़ापदर में लघु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने छात्रों से शिक्षकों और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली।



## एसपी ने नशामुक्ति की दिलाई शपथ

**गरियाबंद।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग एवं शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्था के तत्वावधान में नशामुक्ति केंद्र गरियाबंद में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली नशामुक्ति केंद्र से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, तिरंगा चौक, तहसील कार्यालय और गांधी मैदान होते हुए पुनः नशामुक्ति केंद्र में समाप्त हुई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नशे से जुड़ी समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने नशे से होने वाले गंभीर बीमारियाँ, सड़क दुर्घटनाएँ, पारिवारिक तनाव, बच्चों पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव, आर्थिक तंगी तथा मानसिक समस्याएँ के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशा बुरी आदतों में से एक है। उन्होंने नशापान से ग्रसित व्यक्तियों को नशामुक्ति केन्द्र में जाकर उपचार कराने की सलाह दी। इसके साथ ही उपस्थित जनों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। जागरूकता कार्यक्रम में शिवम् कॉलेज, आटीएस कॉलेज एवं प्रेरणा नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर, नशा मुक्ति केंद्र के संचालक डॉ. मनोज साहू, प्राचार्य श्री सत्येंद्र तिवारी, प्रबंधक खिलेश गायकवाड़ तथा समाज कल्याण विभाग व नशा मुक्ति केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## जनमत का अपमान व वोट चोरी का आरोप बेबुनियाद दावा : मुरलीधर

**गरियाबंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ कार्यसमिति सदस्य एवं भाजपा जिला गरियाबंद के पूर्व महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है।



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान प्रथम व अंतिम प्रकाशन की प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही दावे और आपत्तियों का पूरा अवसर भी मिलता है। सिन्हा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एसडीएम को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी युक्त करते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं से घर-घर संपर्क कर आवश्यक जानकारी देते हैं। वहीं राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का भी आग्रह किया जाता है। भाजपा नेता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग समय-समय पर नियमों में संशोधन करता है। जून 2022 में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत प्रपत्रों को और सरल बनाया गया है। नए मतदाता के लिए प्रपत्र-6, नाम हटाने हेतु प्रपत्र-7, स्थानांतरण/सुधार के लिए प्रपत्र-8 निर्धारित हैं। इन प्रपत्रों में गलत जानकारी देने पर अधिनियम की धारा 31 के अंतर्गत एक वर्ष तक की सजा या जुर्माने का प्रावधान है। सिन्हा ने सवाल उठाया कि जब हर चरण में मान्यता प्राप्त दलों को जानकारी दी जाती है, तो फिर वोट चोरी का आरोप किस आधार पर लगाया जा सकता है? उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या राजनीतिक दलों के पदाधिकारी इन बैठकों में केवल समोसा खाने और चाय पीने जाते हैं? अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों के आरोप लोकतांत्रिक जनमत का अपमान हैं और भाजपा इन्हें सिरे से खारिज करती है।

## रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की सिफारिश

**छुरा।** सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के लिए यह एक बड़ी जीत है। प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु और उनकी टीम के अथक प्रयासों के बाद,



आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने 'रावत' जाति को केंद्र सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने के लिए सिफारिश भेजी है। यह लंबे समय से चली आ रही एक मांग थी, जिससे यादव समाज को विशेषकर नौकरी और शिक्षा में आरक्षण का लाभ लेने में कठिनाई हो रही थी। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने विभिन्न जिलों में अभियान चलाकर जानकारी इकट्ठा की और सभी के आवेदनों को विभाग तक पहुंचाया। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, छत्तीसगढ़ ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को एक अनुशंसा पत्र भेजा है।

**पर्व : तीज पर अपनी बहन-बेटियों को लाने-ले जाने का सीलसीला शुरु**

# राजिम में तीज पर्व की धूम, 25 को करू भात की तैयारी, 26 को व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

इस साल तीज महापर्व को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। 23 अगस्त पोला है, और इसके बाद 25 को करू भात का आयोजन होगा, जबकि 26 को महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी। बाजारों में तीज की रौनक चार दिन पहले ही शुरू हो गई थी। बसों और गाड़ियों में तीजहारिनों की भीड़ देखी जा रही है। अब अधिकतर लोग अपने निजी वाहनों या बुक की गई गाड़ियों से तीज पर अपनी बहन-बेटियों को लाने-ले जाने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में तीज को माताओं और सुहागिनों के लिए सबसे बड़ा महापर्व माना जाता है। यह तीन दिन का त्योहार खुशियां लेकर आता है। इस दौरान हर शहर और गांव में बहन-बेटियों की चहल-पहल से माहौल खुशनुमा हो जाता है।

**करू भात:** 25 अगस्त को हर घर में 'करू भात' का आयोजन होगा। पड़ोसी और रिश्तेदार मिलकर जमीन पर दरी बिछाकर पत्तलों में चावल और करेला-चना खाते हैं। इस परंपरा से गांव का माहौल और भी सौहार्दपूर्ण हो जाता है। करेला का इस पर्व में विशेष महत्व है, इसीलिए इसे 'करू भात' कहा जाता है। तीज के समय करेला का दाम दोगुना हो जाने के बावजूद लोग इसे खुशी-खुशी खरीदते हैं।

**निर्जला व्रत और पूजा:** 26 अगस्त को महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। रात में फुलेरा सजाकर भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा की जाएगी। कई गांवों में महिलाएं सामूहिक रूप से भजन, रामायण और गीत-संगीत के साथ रात भर रतजगा करती हैं।

**मायके की साड़ी:** तीज पर मायके से मिली साड़ी और श्रृंगार के सामान का भी खास महत्व होता है। इसलिए इस समय शहर और गांवों के फैंसी कॉर्नर, चप्पल की दुकानें और साड़ी सेंटर महिलाओं की भीड़ से गुलजार हो जाते हैं। जो तीजहारिनें अपने मायके पहुंच गई हैं, उनके चेहरे की खुशी देखते ही बनती है, वहीं जो नहीं जा पाई हैं, उन्हें मायके की याद सता रही है। कुल मिलाकर, यह पर्व बहन-बेटियों और उनके परिवारों के लिए खुशी और अपनत्व का माहौल लेकर आता है।

## पोला पर्व की धूम, लेकिन कुम्हार समाज उपेक्षित



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार पोला पूरे धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह है। बच्चे और किसान मिट्टी के बने नदिया-बैल, जाता-पोरा और अन्य खिलौने खरीद रहे हैं। इस पर्व के लिए कुम्हार परिवारों ने पिछले चार महीनों से दिन-रात मेहनत करके मिट्टी के खिलौने और बर्तन तैयार किए हैं। कुम्हार समाज, जो सदियों से ग्रामीण जीवन का एक अभिन्न अंग रहा है, दैनिक जीवन से लेकर धार्मिक अनुष्ठानों और विवाह जैसे संस्कारों तक के लिए आवश्यक सामग्री बनाता है। हालांकि, इतने महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, यह समाज आज भी कई तरह की परेशानियों से जूझ रहा है।

**सरकारी योजनाओं के बावजूद उपेक्षित कुम्हार समाज-** मैनपुर के आश्रित ग्राम नदीपारा में रहने वाले कुम्हार परिवारों की 80% आबादी आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। हर साल बारिश में नदी में बाढ़ आने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। कुम्हारों का कहना है कि 79 साल की आजादी के बाद भी, सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंच रहा है। उन्हें अपनी कला के लिए कोई प्रोत्साहन या सहायता नहीं मिलती है। वे बताते हैं कि त्योहारों को छोड़कर अन्य दिनों में उन्हें अपनी मेहनत का सही मोल नहीं मिलता।



### सरकारी सहायता का अभाव

कुम्हारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात तो कही गई थी, लेकिन इन सुविधाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंच रहा है। कुम्हारों का मानना है कि अगर सरकार उन्हें अन्य कलाकारों की तरह अनुदान और प्रोत्साहन दे, तो यह समाज भी विकास की मुख्य धारा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्हें अपनी कला को बढ़ाने के लिए जमीन, आवास और आर्थिक मदद की सख्त जरूरत है।

### महंगाई का बोझ

उदेराम पाड़े, जोगनी बाई, टंकधर और मोहनु पाड़े जैसे कुम्हारों का कहना है कि मिट्टी के बर्तन बनाने में उपयोग होने वाले रंग और उन्हें पकाने के लिए लकड़ी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इससे उनकी लागत बढ़ जाती है और उन्हें पर्याप्त मुनाफा नहीं मिल पाता है।

# राजिम कॉलेज में अभिव्यक्ति ऐप जागरूकता कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में पुलिस विभाग, एनएसएस एवं रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए अभिव्यक्ति ऐप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजिम थाना उप निरीक्षक सरोज चवरे एवं सहयोगी के रूप में महिला प्रधान आरक्षक सविता खरे एवं श्वेता खरे ( प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं मनीषा भोई ( प्रभारी रेड क्रॉस इकाई ) के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप निरीक्षक श्रीमती चवरे ने छात्राओं को अभिव्यक्ति ऐप की विस्तृत जानकारी दी तथा इसके माध्यम से आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी विस्तृत रूप से समझाई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अभिव्यक्ति ऐप छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संचालित एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है। इस ऐप की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं। आपातकालीन सहायता किसी भी आपात स्थिति में मात्र एक क्लिक पर नजदीकी पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। मदद माँगते ही उपयोगकर्ता की लोकेशन पुलिस नियंत्रण कक्ष तक तुरंत पहुंच जाती है।

### हर छात्रा ऐप को करें इंस्टॉल

ऐप के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर, नजदीकी थाने और संबंधित पुलिस अधिकारियों से सीधा संपर्क संभव है। गोपनीयता महिला की पहचान और शिकायत की गोपनीयता पूर्ण रूप से सुरक्षित रखी जाती है। महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में छात्राओं को ऐप डाउनलोड करने और इसका वास्तविक उपयोग कैसे करना है, इसका डेमो भी दिखाया गया। अधिकारियों ने कहा कि हर छात्रा को यह ऐप अपने मोबाइल में इंस्टॉल करना चाहिए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सुरक्षा और सहायता मिल सके। अंत में छात्राओं ने अधिकारियों से प्रश्न पूछे और महिला सुरक्षा संबंधी अपनी शंकाएँ भी साझा कीं। कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं की सुरक्षा एवं आत्मविश्वास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम में डॉ. भानु प्रताप नायक सहा. प्राध्यापक गृह विज्ञान, डॉ. ग्रीष्मा सिंह अतिथि प्राध्यापक एवं रेड क्रॉस इकाई व राष्ट्रीय सेवा योजना से दिशा शर्मा, गुनीता साहू, देवनंदिनी साहू, रोशनी, खेमेश्वरी, केसरी आदि वालंटियर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## सामाजिक उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं : टेकलाल

**मैनपुर।** लंबे अरसे बाद युवा गांडा समाज का गठन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या मे युवाओं ने सर्व सम्मति से टेकलाल प्रधान को अध्यक्ष बनाया गया जिसके युवाओं के साथ साथ वरिष्ठजनों ने खुशी जाहिर करते हुए टेकलाल प्रधान से मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया इस बीच नव नियुक्त युवा गांडा समाज अध्यक्ष टेकलाल प्रधान ने कहा कि गांडा समाज काफी ज्यादा उपेक्षित रहा है चाहे शिक्षा रोजगार के लिए हो या फिर सामाजिक की बात हो ऐसे में सामाजिक समरसता के अलावा युवाओं शिक्षा की महत्त्व बताते अधिक से अधिक शिक्षा से जोड़ने का काम किया जाएगा इसके अलावा टेकलाल प्रधान ने यह भी की कहा अब सामाजिक उत्पीड़न बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्याय के लिए हर हाल हर तरह की लड़ाई लड़ा जाएगा चाहे न्याययिक हो या सड़क की लड़ाई हो क्योंकि अक्सर गांडा समाज को न्याय के लिए भटकना पड़ता है लेकिन यह बर्दाश्त नहीं होगा हर सामाजिक पीड़ितों के साथ युवा गांडा समाज के युवा बढ़ -चढ़ कर साथ नजर आने का दावा किया है इसके अलावा उपाध्यक्ष सहित तमाम पदों पर भी सर्व सम्मति से नियुक्त किया बैठक के दौरान प्रमुख रूप से तरुण नागेश, प्रेमलाल नागेश, उमेश डोंगरे, छायासन सोनवानी, निराकार डोंगर, विशु नागेश, मनोज नागेश, मितलेश तांडी, करण डोंगरे, साजन कुणाल, प्रधान प्रियांशु दोरिया, अखिलेश बघेल, पिंटू जगत, जब्बार सूरज नेताम भूपेश सहित अन्य युवा मौजूद रहे। चुनाव के बाद मोटर साइकिल रैली निकालकर खुशी जाहिर किया गया।



# पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती मनाई गई

**नवापारा-राजिम।** राजीव गांधी चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, जिला कांग्रेस सचिव रामा यादव, महामंत्री राजा चावला, पार्षद अजय साहू, टिकेश्वर गिलहरे, उपाध्यक्ष राकेश सोनकर, अनूप खरे, रामकुमार शर्मा, सौरभ सोनी ,सुरेंद्र साहू, पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, मानसिंह ध्रुव, बीरबल राजपूत, नीलकंठ साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनो ने राजीव जी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए फूलमाला पहनाकर राजीव गांधी के द्वारा भारत देश के प्रति उल्लेखनीय योगदान संचार क्रांति युवाओं को 18 वर्ष आयु को मतदान के अधिकार सूचना के अधिकार जैसे अनेक कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

## नवापारा के विकास में कोई कमी नहीं होगी : साहू





**नवापारा-राजिम।** प्रदेश के डिप्टी सीएम अरूण साव एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का शानदार स्वागत विधायक इंद्रकुमार साहू के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू ने बात को पुनः दोहराया कि नवापारा के विकास में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। यह शहर स्वच्छ संदर और सुव्यवस्थित बनेगा जो आने वाले वर्षों में दिखेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सामुदायिक परिसर में मौजूद थे।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा महतारी सदन**

# जिले में 4 महतारी सदन स्वीकृत, 25 सौ वर्गफुट में बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- 4 महतारी सदन के लिए 1 करोड़ 20 लाख रुपये जारी

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। राज्य शासन द्वारा जिले में 4 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 1 करोड़ 20 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। इसमें ग्राम पंचायत सेम्हरतरा, रांवड़, जोबा एवं ग्राम पंचायत अमलीपदर शामिल है। शासन द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है।




जिले के इन चार ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। राज्य शासन द्वारा महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए एक निश्चित स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। जिले में महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी। जिले में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बाउंड्रीवाल भी बनाए जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

